दैनिक जागरण 10-10-23

एमएसएमइ हरियाणा स्कीम्स पर व्याख्यान

जागरण संवाददाता, **अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी में डा. रोहित दत्त के दिशा निर्देशन तथा डा. रवनीत कौर के नेतृत्व में एक विस्तार व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय" एमएसएमइ हरियाणा स्कीम्स" रही, जिसमें मुख्य वक्ता मयूर मंचाल, जिला व्याख्यान औद्योगिकरण अफसर ने अपने महत्वपूर्ण विचारों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधन विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के संयुक्त तत्वाधान में, डा. राकेश कुमार के संयोजन में किया गया। प्रारंभिक चरण में प्राचार्य ने मुख्य वक्ता का अभिनंदन करते हुए कहा की वर्तमान समय में इस प्रकार की व्याख्यान की विद्यार्थियों के लिए परम आवश्यकता है, क्योंकि बिना कुशलता और दक्षता के विकास और स्थिरता संभव नहीं है। इसी के आधार पर परिवार समाज और राष्ट्र आत्मनिर्भर बनेगा। मयूर ने अपने व्याख्यान में हरियाणा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं और नीतियों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर मयूर ने सरकार की अनेक स्वावलंबी योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर डा. रवनीत कौर, डा. राकेश कुमार, डा. अमीता तथा डॉ. नीलम उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन डा. रवनीत कौर ने किया।